
## नवरात्रि

### मां दुर्गा के दर्शन 60 फुट लंबी गुफा के अंदर




**करेली।** नवरात्रि का धार्मिक माहौल चल रहा है और नगर में 18 से 20 दुर्गा पंडाल सजाए गये हैं जिसमें अलौकिक मूर्ति विराजमान की गई है। एकता दुर्गा मंडल निरंजन वार्ड की पंडाल ने पचमढ़ी की गुफा पर आधारित प्रतिमा गुफा के अंदर विराजमान की है। मां भक्तों के द्वारा मां दुर्गा के दर्शन के लिए 60 फुट लंबी गुफा से चलकर 10 फीट ऊपर मां दुर्गा के दर्शन

### हरई माता मंदिर में नवरात्रि पर अद्भुत साज सज्जा

**करेली।** शारदीय नवरात्रि पर नगर के मंदिरों में मां के भक्तों तांता लग रहा है। नगर के मंदिरों के इतिहास में सबसे प्राचीन देवी मंदिर हरई माता मंदिर में नवरात्रि पर विशेष साज सज्जा की जाती है। नवरात्र में नगर के पुरुष, महिलाएं, युवक, युवतियां सभी भक्तगण सुबह से ही जल चढ़ाने एवं आरती करने के लिए बड़ी संख्या में आते हैं।



### शारदा मंदिर का दरबार कपड़ों की साज सज्जा से सजा



**करेली।** शारदीय नवरात्रि का आस्था का समय है और देवी मंदिरों में सुबह के समय जल अर्पित करने के लिए और शाम को आरती में शामिल होने के लिए के भक्तों का तांता लग रहा है। नगर का एक ऐसा मंदिर जो साज सज्जा में अन्य मंदिरों से सबसे सुंदर माना जाता है। नगर के शारदा मंदिर में हर साल मंदिर को कपड़ों से अद्भुत साथ सज्जा करके मां के भक्तों को मंदिर में आने के लिए।



**नवभारत। गोटेगांव।** स्थानीय भगतराम चौराहा पर स्थित श्रीदेव ब्रह्मचारी श्रीराम मंदिरजी परिसर में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजमान माता श्री अंबे मैयाजी की मनमोहक आकर्षक प्रतिमाजी के दर्शन के लिए भक्तों की उमड रही भीड़

ग्राम श्याम नगर में विराजमान सिंह वाहिनी मैयाजी की मनमोहक प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र झोतेश्वर





'युवा धर्मोत्सव समिति बजरंग वार्ड गोटेगांव



मां कंकाली नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति नया बाजार गोटेगांव



आस्था दुर्गा उत्सव समिति रामनगर गोटेगांव



श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर दुर्गा उत्सव समिति गोटेगांव

**अतिक्रमण** | चीचली: मुख्य बाजार से बस स्टैंड तक की सड़क अतिक्रमण की गिरफ्त में

# हर कदम पर बढ़ रहा अवैध कब्जा

**नवभारत नरसिंहपुर चीचली।** नगर के मुख्य बाजार से बस स्टैंड तक जाने वाला प्रमुख मार्ग इन दिनों अवैध अतिक्रमण की गहरी चपेट में आ गया है। नागरिकों और व्यापारियों के अनुसार, यह सड़क अब पूरी तरह से %अतिक्रमण की गली% में तब्दील हो चुकी है, जिससे न केवल यातायात बार-बार बाधित हो रहा है, बल्कि ग्राहकों को वाहन पार्किंग की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज़्यादा परेशानी बस स्टैंड से दिनभर आवाजाही करने वाले सवारी ऑटो और यात्रियों को हो रही है, जिसके चलते यहाँ हर दिन जाम लगना एक सामान्य बात हो गई है ।पुरानी समस्या, नया संकट स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण की समस्या पहले से ही गंभीर थी, लेकिन पिछले कुछ समय से नव-निर्माण के नाम पर हो रहे कब्जों ने इसे और विकराल बना दिया है ।निर्माण में अतिक्रमण- नए भवनों के निर्माण के दौरान भी सड़क की सीमा का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे सड़क की चौड़ाई लगातार कम होती जा रही है ।सामान का फैलाव- मुख्य बाजार के व्यापारी भी अपने दुकान का सामान निकालकर



सड़क पर सजा देते हैं। इससे ग्राहकों को पैदल चलने की भी जगह नहीं मिलती, और सड़क आधी से ज्यादा संकरी हो जाती है। ग्राहकों और यात्रियों की बढ़ी मुसीबत यह मार्ग बस स्टैंड को सीधे मुख्य बाजार से जोड़ता है। इसी कारण-जाम की विकट स्थिति- दिनभर सवारी ऑटो, बसें और निजी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। सड़क संकरी होने के कारण दो वाहनों का एक साथ निकलना दूभर हो जाता है, जिससे तुरंत सड़क जाम हो जाता है ।पार्किंग का अभाव दुकानदारों के सामान से सड़क पटी होने के कारण खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों को अपना वाहन खड़ा करने में भारी परेशानी होती है। मजबूरी में लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा करते हैं, जो जाम का एक और कारण बनता है ।प्रशासन से कठोर कार्यवाही की माँग नगर के जागरूक नागरिक और प्रभावित व्यवसायी अब इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर परिषद और अनुविभागीय अधिकारी (स्ष्ठरू) से हस्तक्षेप की माँग कर रहे हैं।

### अतिक्रमण हटाने हो कार्रवाई

क्षेत्र के निवासियों ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को पत्र लिखते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए ठोस कार्रवाई की अपील की है। नागरिकों का निवेदन है तत्काल चिन्हितकरण प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द अतिक्रमण को चिन्हित किया जाए। समयबद्ध चेतावनी सभी अतिक्रमणकारियों को एक उचित समय सीमा (जैसे 7 दिन) में स्वयं अतिक्रमण हटाने की लिखित चेतावनी दी जाए ।कठोर प्रशासनिक कार्यवाही- समय सीमा समाप्त होने के बाद, प्रशासन बिना किसी पक्षपात के पुलिस बल की सहायता से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कठोर कार्यवाही करे ।नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो यह प्रमुख मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाएगा और उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अब देखना यह है कि नगर परिषद और स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब और क्या कार्यवाही करते हैं

## बकरी चराने गए युवक की आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत

**नवभारत। सालीचौका।** बरसात का मौसम भले ही समाप्ति की ओर हो, लेकिन मौसम का बदला मिज़ाज अब भी किसानों और ग्रामीणों के लिए संकट का कारण बना हुआ है। एक ओर जहां देर से हो रही बारिश ने खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर आसमान से गिरती कड़क बिजली ने मानव जीवन को भी असुरक्षित कर दिया है। ऐसा ही हृदयविदारक हादसा शनिवार को ग्राम बारहाबड़ा में हुआ। गांव के राजकुमार (20 वर्ष), पिता कैलाश प्रधान रोज़ की तरह अपनी बकरियां चराने के लिए सुजानपुर के खेतों की ओर गए थे। दोपहर के समय अचानक आसमान में काले बादल छा गए और गरजङ्चमक के बीच गिरी आकाशीय बिजली ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। बिजली गिरते ही राजकुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद



ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर लिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं अक्सर बरसात के मौसम में हो जाती हैं। खेतों में काम करने वाले किसान और मवेशी चराने वाले लोग सबसे ज्यादा जोखिम में रहते हैं।

## खुशनुमा मौसम में लोग ले रहे हुक्का पीने का आनंद



**नवभारत। गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां नगर के बाजार व शहर की सड़कों के किनारे लगी पान दुकानों पर गुटखों की झालरे लटकना तथा सिगरेट के पैकेटों की सजावट अब बड़ी बात नही रह गई है। क्योंकि नगर की पान दुकानों पर अनेक प्रकार के गुटखों सहित जिस प्रकार की सामग्री विक्रय हो रही है उसके चलते जहां युवाओं का पान दुकानों की ओर अपने आप ही रूख किये जाने लगा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बदलते दौर में अब पान की दुकानों से इत्र, सेंट की बिक्री होने के साथ ही वर्षो से बुजुर्गो व रईसों की बैठको में रखे जाने वाले नई डिजाईन के हुक्के भी बिकने लगे है, जिन्हें पीने के लिए 100 रूपया की महीन तम्बाखू की पट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जिसको लेकर नगर की अनेक पान दुकानों के संचालको ने जानकारी देते हुए बताया है कि महा नगरों से बुलाये गये इन कांच के आकर्षक हुक्कों की बारिश के दिनों में जोरदार बिक्री हो रही है और बारिश के खुशनुमा मौसम में नगर के स्टाईलिश माने जाने वाले युवा भी अब हुक्का पीने का आनंद लेने लगे है, यह बात अलग है कि पहले इन हुक्कों का उपयोग बड़े बड़े राईश लोगों द्वारा किया जाता था मगर अब इनका चलन युवा पीड़ी में देखने मिल रहा है जिसके चलते नगर में हुक्कों की दुकाने भी सजते हुए दिखाई देने लगी है।

## डॉक्टर साहब की स्मृतियां सदैव बनी रहेगी

**नवभारत। गाडरवारा।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह व राज्य सभा सांसद् विवेक तन्खा की अध्यक्षता, पूर्व विधायक नरेश पाठक, साधना स्थापक, चिरायु अस्पताल भोपाल के डायरेक्टर अजय गोयंका, पूर्व आयुक्त निशक्तजन बलदीप सिंह सैनी, समाज सेवी मैथलीशरण तिवारी, रोटरी कलब पूर्व अति. गर्वनर मिनेन्द्र डागा, रोटरी असिस्टेंड गर्वनर अशोक राजपूत ,मयंक साहू, के विशिष्ठ आतिथ्य में डायलेसिस मशीन, ब्लड बैंक स्टोरेज फ्रिज,अस्पताल परिसर टीन सेड, वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया । सर्वप्रथम अतिथियों ने श्री गणेश भगवान की मूर्ति के समक्ष पूजन व द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तदपश्चात मंचासीन अतिथियो का रोटरी क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, सचिव मनोज वशा, स्वास्थ्य समिति चेयरमैन महेश रघुवंशी, मनीष राय, मनीष जायसवाल, उत्सव



गुप्ता, प्रयांक सोनी ,नीलेश साहू,अभिषेक बड़कुर , शुभम राजपूत, सुरेश साहू, रमाकांत गुप्ता, साकेत बड़ारिया ने साल श्री फल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया ।कार्यक्रम के मुख्यातिथि परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब को में बधाई देता हूं रोटरी के सभी लोग निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में लगे रहते है में जन सेवक के नाते पूरी जिम्मेदारी के साथ विकास कार्यो को प्राथमिकता दे रहा हूं क्षेत्र की जनता को अस्पताल में बेहतर सुविधा मिले इसके लिए हम सभी प्रयासरत है चिकित्सालय के और भी विकास कार्य कराए जाएंगे । एडवोकेट शुभम कौरव की मांग पर डायलेसिस सेंटर डॉक्टर डी सिंह के नाम से जाना जायेगा। डॉक्टर साहब की स्मृतियां सदैव बनी रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा ने अपने संबोधन में कहा कि में नरसिंहपुर जिले को राजनैतिक चश्मे से नही देखता ।गाडरवारा क्षेत्र में परिवार की तरह काम करता हूं ताकि लोगो के दिलो में मुशरान साहब की यादे जीवित रहे ।मंच पर मेरे साथ खड़े डॉक्टर गोयंका ऐसे महापुरुष है उन्होंने कोविड के समय 35 हजार मरीजो का इलाज कर विश्व रिकार्ड बनाया ।जल्द रोटरी क्लब डॉक्टर गोयंका के संचालन में गाडरवारा में मेडिकल मिशन मेघा केम्प लगाने वाला है ।श्री तंखा ने मिनेन्द्र डागा के सेवा कार्यो की प्रशंसा की । रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू ने चिकित्सा शिक्षा, समाजसेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के बारे बताया। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब के मिनेन्द्र डागा ने करते हुए शायराना अंदाज में कहा कि गमों की आंच पर आंसू उबाल कर देखो, बनेंगे रंग हजार किसी पर डाल कर देखो, तुम्हारे दिल की चुभन भी होगी कम, किसी के पैर का कांटा निकालकर देखो । क्षेत्र के उद्योग पति समाजसेवी विनीत माहेश्वरी , शिक्षक राजेश गुप्ता को श्री तंखा द्वारा रोटरी पिन लगाकर रोटरी की शपथ दिलाई ।कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अरुण तिवारी, डॉ. डी. एस. चौधरी, बी.पी त्रिपाठी, डॉ. राकेश बोहरे, डॉ. उपेंद्र वस्त्रकार, सुनील श्रीवास्तव, अमित पटैल, डॉ. यागेश तिवारी, जवाहर शर्मा, मनोज राय,राजेश नगरिया, रतनदीप जायसवाल, राजेश गुप्ता, चिकित्सालय स्टाफ

### मां तीन स्वरूपों में सिर पर जवारें लेकर चली अपने लोक



**करेली।** साल में चार नवरात्रि आती है जिसमें से एक चेत्र नवरात्रि,दो गुप्त नवरात्रि और बारिश के बाद मूर्ति स्थापना की शारदीय नवरात्रि है। नगर भर में 18 से 20 दुर्गा पंडालों में अलोकिक माता की दुर्गा प्रतिमाएं विराजमान की गई है जिसमें से शारदा मंदिर के पास आजाद बंधु मंडल पंडाल में दुर्गा माता के तीन स्वरूपों में प्रतिमाएं विराजमान की गई है। मां अंबे,मां लक्ष्मी,मां सरस्वती अपने सिर पर जवारें रखें हुये है। मंडल ने माता का स्वरुप जवारें रखकर ले जाते का दिखाया है। तीनों माता ज्वारों को लेकर अपने लोक जा रही है और माता का वाहन शेर तबला साज बजाकर आगे आगे चल रहा है।



कृषि उपज मण्डी की प्रतिमा



गांधी चौक की दुर्गा प्रतिमा



नगरिया मंदिर की दुर्गा प्रतिमा



नायक मुहल्ला स्थित प्रतिमा

### तेंदूखेड़ा दुर्गोत्सव में धूम


**तेंदूखेड़ा** शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व समूचे क्षेत्र में मौसम की प्रतिकूलता के चलते आस्था भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। तेंदूखेड़ा का दुर्गोत्सव को 64 साल हो गया है ।1960 से प्रारंभ हुये इस दुर्गोत्सव का स्वरूप बड़कर अब काफी वृहद हो गया है ।पहले तेंदूखड़ा के रामलीला मैदान में बाजू से नवरात्रि के दौरान दीवाल पर माता रानी का चित्र बनाकर पूजन अर्चन किया जाता था। फिर मे ग्राम पंचायत के भवन में यह व्यवस्था की गई तथा 1983 तक नगर के स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। फिर 1972से 1980 तक ग्राम पंचायत भवन में मूर्ति रखना शुरू हुआ।






### नवदुर्गा सेवा समिति द्वारा मां दुर्गा का पूजन अर्चन कर प्रसादी का किया गया वितरण

**गाडरवारा।** नवरात्रि के छठवे दिवस नगर की नव दुर्गा सेवा समिति ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया सुभाष बार्ड, पुराने बस स्टैंड के पास आयोजित इस कार्यक्रम में समिति के सदस्यों सहित अनेक भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए विशेष पूजन संपन्न कराई पूजन अर्चन के उपरांत पुराने बस स्टैंड के समीप विशाल प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए देर रात तक चली इस आयोजन में भक्त जनों ने मां की आराधना कर प्रसादी ग्रहण की समिति की सक्रिय सदस्य नवीन कुचबंदिया (पटेल) सहित अन्य सदस्यों व युवाओं ने मिलकर प्रसादी वितरण में अहम भूमिका निभाई।



### माता रानी के दर्शन कर विधायक ने चबूतरा निर्माण हेतु 51 हजार दिए

**गोटेगाँव।** विगत दिवस शारदीय नवरात्र में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र के उपलक्ष्य में जगह-जगह विभिन्न धार्मिक आयोजन पूजन भंडारे हो रहे हैं और सभी जगह माता रानी की आराधना की जा रही है इसी क्रम में गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश ने श्रीनगर मंडल में माँ दुर्गा के दर्शन करने और माता रानी का आशीर्वाद लेने पहुंचे वहीं उन्होंने, 51 हजार की घोषणा विधानसभा के श्रीनगर मंडल अंतर्गत ग्राम नगवारा, तरवारा, श्रीनगर एवं बगासपुर में माँ दुर्गा जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। नगवारा स्थित खेरमाई मढ़िया परिसर में चबूतरा निर्माण हेतु 51,000 रुपये की घोषणा की गई।



### 51 कलश की स्थापना

**गोटेगांव** अंतर्गत ग्राम भडरी में जय माता दी योगमाया सिद्ध पीठ भडरी वाली माता दादा बड़े झंडा वाली माता मंदिर में हर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र में सर्व बाधा निवारण के लिए दूर-दूर से आए भक्तों ने इस सिद्ध पीठ धाम पर 51 कलश की स्थापना कराई है, यहां आकर भक्ति भाव से मातारानी की उपासना करते हैं साथ ही भक्तों ने बताया कि यहां पर गृहबाधा, विवाह, संतानप्राप्ति, नौकरी सहित जो भी अन्य प्रकार की परेशानीयां बाधा लेकर आता है मातारानी उन सभी परेशानियों का निवारण कर भक्तजनों म की मनोकामना पूर्ण करती है, वही मंदिर पुजारी शास्त्री पुरुषोत्तम भारद्वाज ने बताया कि यह दरबार निरंतर कई वर्षों से सोमवार को लगता है।